卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ ३ म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 291 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦2 अगस्त 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## आपदा में फंसे लोगों को बचाने के लिए उतरी वायुसेना

### केदारघाटी में फंसे यात्रियों को चिनूक और एमआई-17 से किया जा रहा रेस्क्यू

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। केदारघाटी में भारी बारिश से आई आपदा के बाद लोगों को बचाने के लिए वायुसेना की मदद ली गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराए चिनूक और एमआई 17 हेलीकॉप्टरों ने शुक्रवार को रेस्क्यू भियान चलाकर केदारनाथ यात्रा मार्ग में फंसे तीर्थयात्रियों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने अभियान शुरू किया। बता दें बुधवार रात केदार घाटी में बादल फटने से भारी तबाही मची है। सैकड़ों यात्री इस आपदा में फंस गये। अतिवृष्टि से कई लोगों की मौत भी हुयी है। गुरूवार को देर रात तक



एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू अभियान में जुटी रही। प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये हेलीकॉप्टरों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया। मुख्यमंत्री के आग्रह पर केन्द्र सरकार द्वारा भेजे गये वायु सेना के चिनूक और एमआई 17 हेलीकॉप्टरों से शुक्रवार को यात्रियों को रेस्क्यू किया गया। दोपहर तक लिंचोली एवं भीमबली से एयर लिफ्ट कर लगभग करीब 500 यात्रियों को रेस्क्यू कर लिया गया था। वहीं गौरीकुंड-(शेष पृष्ठ सात पर)

### गृहमंत्री शाह ने फोन पर ली आपदा की जानकारी

देहरादून। उत्तराखण्ड में आई आपदा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फोन कर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आई आपदा के विषय में जानकारी ली। इस दौरान उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। गृह मंत्री ने प्रदेशवासियों व श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए (शेष पृष्ठ सात पर)

## मुख्य चौराहे पर पुलिस कर्मी ने दिखाई दबंगई

### ट्रक चालक व उसके भतीजे पर बरसाये डंडे

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि एक पुलिसकर्मी ने पिपलिया चौराहा पर अधिकारियों के सामने ही दबंगई दिखाते हुए रास्ता पूछने के लिए रुके ट्रक चालक व उसके भतीजे पर डंडे बरसाकर उन्हें घायल कर दिया। दोनों ने चिकित्सालय में अपना उपचार करवाया। मामले की जानकारी देते हुए ग्राम शिमला बहादुर निवासी 45 वर्षीय रामअवतार पुत्र राम सिंह ने बताया कि वह गत रात्रि ट्रक संख्या यूके 06 सीसी 8080से उत्तरांचल इस्पात सुल्तानपुर पट्टी में स्क्रेप उतारकर



अपने भतीजे 18 वर्षीय अमित पुत्र खजान सिंह के साथ मार्ग वापस रूद्रपुर की ओर आ रहा था। मार्ग में पिपलिया चौराहा पर उसने जब वहां खड़े पुलिसकर्मी से पूछा कि वह बाजपुर से होकर जा सकता है तो उस पुलिसकर्मी ने उसका कालर पकड़कर ट्रक से नीचे खींच लिया और उसे डंडे से मारने लगा। जब उसका भतीजा अमित नीचे उतरा तो उसके हाथों में डंडे मारे। जिससे दोनों को चोटें आ गईं। चालक रामअवतार ने बताया कि घटना के समय चौराहा पर अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। उसका आरोप है कि मारपीट करने वाला पुलिस कर्मी उस समय नशे की हालत में था।

## ज्वैलर्स का लाखों का सोना और नगदी लेकर सुनार फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राहक को दिखाने के नाम पर साथी ज्वैलर्स से लाखों रुपए कीमत का सोना तथा उसके लाखों रुपए उधार के समेटकर ट्रांजिट कैम्प का एक सुनार रफूचक्कर हो गया। मामले की जानकारी देते हुए सुशांत नामदेव जाधव पुत्र नामदेव जाधव निवासी वार्ड 3, ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि उसकी मछली मार्केट रोड ट्रांजिट कैम्प में प्रियंका ज्वैलर्स मराठा नाम से दुकान है। 30 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे उसकी दुकान पर प्रेमशंकर सैनी जिसकी वार्ड 3 मछली बाजार रोड में अंजनी ज्वैलर्स नाम से दुकान है आया और अपनी दुकान पर ग्राहक को दिखाने के लिये 81 ग्राम 520 मि.ग्रा. सोना ले गया था। उसके बाद जब प्रेमशंकर को फोन किया तो फोन नम्बर स्विच ऑफ आ रहा था। जब वह उसकी दुकान पर गया तो उसकी दुकान भी बंद थी और घर पर भी ताला लगा हुआ था। सुशांत का कहना है कि इससे पूर्व 15जुलाई को उक्त प्रेमशंकर उससे 2,10,000 (शेष पृष्ठ सात पर)

### सोए मजदूरों के पांच मोबाईल और दो सिलेंडर चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। छतरपुर रोड में निर्माणाधीन भवन में सो रहे मजदूरी के पांच मोबाईल व सिलेंडर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। योगेन्द्र सोम पुत्र रिचपाल सिंह निवासी आजाद नगर ट्रांजिट कैम्प ने बताया कि उसका छत्तरपुर रोड में प्रधानमंत्री आवास योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। उसके पास पूर्व में दीपक नाम का मजदूर का काम करता था। जिसने निर्माण कार्य से काम करने वाले लोगो के रात को फोन चोरी कर लिये थे। जिसको रंगे हाथो पकड़ लिया था। दीपक ने फोन वापस कर दियें थे। जिसके बाद उसने दीपक को काम पर से निकाल दिया था। योगेन्द्र का कहना है कि 31 जुलाई को रात्रि लगभग 12 बजे से दीपक निर्माण कार्य स्थल पर आया जहां काम (शेष पृष्ठ सात पर)

## पहले मोबाइल छीना फिर बाइक से मारी टक्कर

### मौके पर जुटी भीड़ ने तीन उचक्कों को दबोचकर पुलिस को सौंपा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल क्षेत्र में खाना खाने जा रहे ट्रक चालक का मोबाईल छीनकर भाग रहे बाईक सवार तीन झपट्टामारों को लोगों ने दबोचकर चौकी पुलिस के हवाले कर दिया। युवकों को पकड़ने के दौरान ट्रक चालक को बाईक सवार युवकों ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस युवकों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार सिडकुल स्थित ओम लोजेस्टिक



ट्रांसपोर्ट के ट्रक संख्या एचआर 55 एई 7983 का चालक ग्राम क्वारसी अलीगढ़ निवासी 40 वर्षीय अजय पुत्र रामसिंह गुरूवार रात्रि करीब 9 बजे ट्रक खड़ा करके खाना खाने के लिए पैदल होटल की ओर जा रहा था। तभी मार्ग में बाईक सवार तीन अज्ञात युवक अचानक उसके पास आये और उन्होंने उसका मोबाईल और उसके पास से पांच सौ रूपये छीन लिए तथा धमकी देते हुए मौके से भागने लगे। अजय ने शोर मचाया और भागते हुए युवकों का पीछा (शेष पृष्ठ सात पर)

## रेडिमेड शोरूम से 50 हजार की नगदी चोरी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य बाजार स्थित रेडिमेड कपड़ों के शोरूम से दिनदहाड़े पचास हजार रूपये की नगदी चोरी हो गयी। सूचना पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी और पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस आस पास लगे सीसी टीवी कैमरे खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार ओमेक्स निवासी अंकित



नरूला का मेन बाजार मटके वाली गली में वैनहुसैन कंपनी का शोरूम है। रोजाना की तरह शोरूम खोलने के लिए दुकान का कर्मचारी अरूण शर्मा दुकान पर पहुंचा। अरूण के अनुसार करीब दस बजे एक ग्राहक ट्राउजर लेने के लिए दुकान पर पहुंचा। वह ट्राउजर निकालने के लिए जब उपर गया तो वापस आने पर ग्राहक गायब था। साथ ही गल्ले में रखी नगदी भी गायब थी। अरूण ने सूचना शोरूम स्वामी को दी जिसके बाद व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, राजेश कामरा सहित कई लोग मौके पर पहुंच गये। सूचना पुलिस को दी गयी। जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस आस पास लगे सीसी टीवी कैमरे खंगाल रही है।

## उत्तराखंड के ‘ग्यारह’ पंजीकृत राजनीतिक दल ‘लापता’

### सूबे के मौसमी राजनीतिक दलों पर मंडराया मान्यता समाप्ति का खतरा, नहीं लड़ सकेंगे आगामी निकाय चुनाव, राज्य निर्वाचन आयोग जारी करने जा रहा है अंतिम नोटिस, आयोग को अभी तक उपलब्ध नहीं कराई ऑडिट रिपोर्ट एवं आयकर संबंधी जानकारियां

-अर्श-

देहरादून।अभी तक किसी व्यक्ति, वस्तु ,किसी सरकारी योजना अथवा जनप्रतिनिधि के लापता होने के बारे में ही सुनने को मिला करता था, लेकिन उत्तराखंड में अब ग्यारह पंजीकृत राजनीतिक दलों के लापता होने का दिलचस्प वाकया सामने आया है। जी हां, प्रदेश से ऐसे ग्यारह राजनीतिक दल लापता है ,जो चुनाव के समय बरसाती मेंढक की तरह सामने आते हैं और जन कल्याण एवं राज्य उत्थान के लिए सब कुछ न्योछावर कर देने के तमाम दावे करते नहीं अघाते, लेकिन चुनाव में जनता द्वारा नकार दिए जाने के बाद इनका कोई अता पता नहीं होता। इन मौसमी राजनीतिक दलों को सूबे का निर्वाचन आयोग पिछले कई सालों से दीपक लेकर ढूंढ रहा है, लेकिन यह ढूंढे नहीं मिल रहे। ज्ञात हो कि निकाय चुनाव पार्टी चुनाव चिन्ह के आधार पर होते हैं, इसके लिए राजनैतिक दलों को राज्य निर्वाचन आयोग के पास अपना पंजीकरण करवाना पड़ता है। उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग में इस वक्त कुल 24 दल अलग- अलग श्रेणी में पंजीकृत हैं। इन दलों को हर साल अपनी ऑडिट रिपोर्ट और आईटीआर रिपोर्ट आयोग को देना आवश्यक होता है। राज्य निर्वाचन आयोग गत अक्तूबर महीने में ही भाजपा, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (सेक्यूलर), अखिल भारतीय गोरखा मोर्चा पार्टी, देवभूमि पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी उत्तराखंड, उत्तराखंड संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच, खुसरो सेना पार्टी, भारतीय अंतोदय पार्टी, उत्तराखंड पर्वतीय विकास पार्टी, भारत की लोक जिम्मेदार पार्टी, मानव दल, राज्य स्वराज पार्टी आदि पंजीकृत दलों को वित्तीय वर्ष 2022-23 की ऑडिट और आईटीआर रिपोर्ट जमा करने को कह चुका है, लेकिन कई नोटिस के बाद ग्यारह पंजीकृत राजनीतिक दलों ने राज्य निर्वाचन आयोग को वांछित जानकारी अब तक उपलब्ध नहीं कराई है ।लिहाजा राज्य निर्वाचन आयोग अब इन राजनीतिक दलों को अंतिम नोटिस भेजने की तैयारी में है। इस अंतिम नोटिस के बाद भी अगर इन दलों ने वांछित जानकारी राज्य निर्वाचन आयोग के समक्ष नहीं प्रस्तुत की, तो राज्य निर्वाचन आयोग संबंधित राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने की कार्यवाही अमल में ला सकता है। खास बात तो यह है कि राज्य निर्वाचन आयोग यह अंतिम नोटिस राजनीतिक दलों के रजिस्टर्ड पते पर भेजने के साथ-साथ उपरोक्त नोटिस को समाचार पत्र में भी प्रकाशित करने जा रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के उपयुक्त पीके सिंह ने गत दिवस मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि सभी दलों को समय-समय पर राज्य निर्वाचन आयोग में अपनी सालाना ऑडिट रिपोर्ट, आयकर से लेकर तमाम जानकारियां उपलब्ध करानी होती हैं, लेकिन ग्यारह राजनीतिक दल (शेष पृष्ठ सात पर)

# केदारनाथ धाम की यात्रा रोकी, 4000 यात्री रेस्क्यू

## केदारघाटी में वायुसेना के चिनूक व एमआई-17 हेलिकॉप्टर से शुरू हुआ रेस्क्यू अभियान





### पैदल मार्ग ध्वस्त होने से केदारनाथ में रुके 4000 यात्रियों को ऐयरलिफ्ट कर वापस लाया जायेगा
### एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला आपदा प्रबन्धन, जिला पुलिस की टीमों ने संभाला मोर्चा
### 3300 को पैदल रास्तों निकला गया है जबकि 700 यात्रियों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया

रूद्रप्रया। केदारनाथ धाम में फंसे 4000 यात्रियों को सुरक्षित निकालने के लिए आज दूसरे दिन रेस्क्यू शुरू कर दिया गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी और पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और तीर्थयात्रियों से बातचीत करते हुए उनका हौंसला बढ़ाया। प्रशासन ने यहां यात्रियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की है। केदारनाथ पैदल मार्ग से लेकर सोनप्रयाग तक हुई व्यापक क्षति के बाद राहत व बचाव कार्य के लिए केंद्र से रेस्क्यू के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर और एमआई-17 हेलिकॉप्टर भेजा गया है। साथ ही तीन टैंकर एटीएफ की मदद भी भेजी गई है। शुक्रवार से भारतीय सेना के चिनूक व एमआई-17 हेलिकॉप्टर से केदारनाथ में रुके यात्री वापस लाए जाएंगे। रुद्रप्रयाग जिले में केदारनाथ यात्रा मार्ग में फंसे यात्रियों को एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला पुलिस और प्रशासन के बेहतर समन्वय से सुरक्षित निकाल लिया गया है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भीमबली, रामबाड़ा और लिंचोली में फंसे करीब 425 यात्रियों को एयरलिफ्ट किया गया है। इसके अलावा पैदल यात्रा मार्ग में सोनप्रयाग और भीमबली के बीच फंसे 1100 यात्रियों को वैकल्पिक मार्ग बनाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में बुधवार रात को अतिवृष्टि से सड़कों, पैदल पुलों, बिजली और पेयजल लाइनों के साथ ही कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुंचा है। आपदा की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रात से ही सक्रिय हो गए। मुख्यमंत्री ने रात्रि में ही राज्य आपदा परिचालन केंद्र पहुंचकर राज्य भर में अतिवृष्टि से हुए नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री का पूरा दिन आपदा प्रभावित इलाकों में बीता। उन्होंने टिहरी और रुद्रप्रयाग जिले के आपदाग्रस्त इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करने के साथ ही आपदा प्रभावितों का हाल भी जाना। साथ ही राहत व बचाव शिविरों में की गई व्यवस्थाओं को परखा। मुख्यमंत्री धामी मोर्चे पर डटे तो उनकी पूरी टीम भी पूरी ताकत के साथ बचाव और राहत कार्यों में जुट गई। इस कार्य हेतु कुल 04 हैलीकॉप्टर उपयोग में लाये गये हैं। रुद्रप्रयाग जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने देर रात से ही रेस्क्यू अभियान की कमान संभाल ली। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ, जिला पुलिस व प्रशासन के बेहतर समन्वय से शाम पांच बजे तक केदारनाथ धाम यात्रा पैदल मार्ग और विभिन्न पड़ावों में फंसे करीब डेढ़ हजार यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर कई जगह भूस्खलन होने से यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ यात्रा फिलहाल रोक दी गई है।बुधवार देर शाम को बादल फटने से केदारनाथ धाम यात्रा पैदल मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के कारण अलग-अलग जगहों पर फंसे यात्रियों का हेलिकॉप्टर एवं रेस्क्यू टीमों (एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला आपदा प्रबन्धन, जिला पुलिस) के सहयोग से रेस्क्यू किया गया है। केदारघाटी में उपजे इन हालात के कारण नेटवर्क की समस्या रहने व यात्रा पर आए लोगों के परिजनों का आपस में सम्पर्क न होने के कारण पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग ने यात्रियों व आम-जनमानस की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किए हैं। रुद्रप्रयाग पुलिस के कंट्रोल रूम के नम्बर 7579257572 व पुलिस कार्यालय में व्यवस्थित लैंडलाइन नम्बर 01364-233387 को हेल्पलाइन नम्बर के तौर पर शुरू किया गया है। इन नम्बरों के व्यस्त रहने पर आपातकालीन नम्बर 112 पर कॉल करके आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। भारी बारिश और बादल फटने से गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग को भारी क्षति हुई है। मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से पैदल मार्ग पर रामबाड़ा में दो पुल और भीमबली में 25 मीटर रास्ता बह गया, जिससे केदारनाथ धाम की यात्रा को रोक दिया गया है। साथ ही फंसे 4000 यात्रियों को सुरक्षित रेस्क्यू किया जा रहा है।। 3300 को पैदल निकला है जबकि 700 यात्रियों को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू किया गया। बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे से शुरू हुई तेज बारिश और रात साढ़े आठ बजे बिजली की तेज चमक और गर्जना के साथ लिनचोली से भीमबली के बीच बादल फट गया। इससे गौरीकुंड- केदारनाथ पैदल मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, मंदाकिनी नदी का जलस्तर बढ़ने से रामबाड़ा में निर्मित दो हल्के पुल भी बह गए। भीमबली के पास करीब 25 मीटर रास्ता बह चुका है। भीमबली से जंगलचट्टी होते हुए गौरीकुंड तक भी पैदल मार्ग को काफी क्षति पहुंची है। वहीं, लिनचोली से केदारनाथ तक रास्ता कई जगहों पर अति संवेदनशील हो चुका है। मंदाकिनी नदी के उफान से गौरीकुंड बाजार के निचले हिस्से में स्थित गर्मकुंड भी बह गया। यहां निर्माणाधीन स्नान घर व अन्य जगहों पर भारी मलबा भरा है। उधर, सोनप्रयाग के निचले हिस्से भी मंदाकिनी नदी के सैलाब की चपेट में आ गए। प्रशासन व पुलिस ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग में समय रहते लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया।

# देवदूत बनी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें

रूद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ धाम यात्रा के पैदल मार्गों में विभिन्न जगहों पर फंसे यात्री सुरक्षित हैं। कल की भांति आज भी लिंचोली, भीमबली, जंगलचट्टी, गौरीकुण्ड व सोनप्रयाग से रेस्क्यू कार्य निरन्तर जारी है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि यदि किसी का अपने परिजनों से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है तो रुद्रप्रयाग पुलिस के हेल्पलाइन नम्बर 7579257572 व 01364-233387 पर उनका विवरण नोट करायें। फिलहाल विभिन्न पड़ावों में रुके सभी यात्री सुरक्षित हैं तथा इन स्थानो पर प्रशासन के स्तर से भोजन, पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी हैं। गत दिवस हुई अतिवृष्टि के चलते श्री केदारनाथ धाम यात्रा पैदल मार्ग कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने के कारण अलग-अलग जगहों पर फंसे यात्रियों का निरन्तर हैलीकॉप्टर एवं रेस्क्यू टीमों (एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला आपदा प्रबन्धन, जिला पुलिस) के सहयोग से यात्रियों को पैदल लाते हुए रेस्क्यू किया जा रहा है। अब तक 630 यात्रियों को लिंचोली एवं भीमबली से हैलीकॉप्टर के द्वारा सुरक्षित स्थान पर लाया गया है। हैलीकॉप्टर से लाये जाने वाले व्यक्तियों में बीमार, वृद्ध, असहाय, बच्चों व महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। 1450 यात्री रेस्क्यू टीमों के सहयोग से विभिन्न स्थानो से पैदल चलकर सोनप्रयाग के लिए पहुंचे हैं। प्रशासन व पुलिस के स्तर से इन सभी को उनके गन्तव्य स्थानों तक भिजवाया जा रहा है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग स्वयं मौके पर डटे हैं तथा इनके द्वारा किये जा रहे रेस्क्यू अभियान की अपने निकट पर्यवेक्षण में मॉनीटरिंग करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा रहे हैं। आज के प्रचलित रेस्क्यू कार्य में धीरे-धीरे समय ढलता जा रहा है एवं एक निश्चित सीमा के उपरान्त सुरक्षा के दृष्टिगत हैली सेवाओं से चलाये जा रहे एवं पैदल रेस्क्यू को बन्द किया जायेगा। फिर भी यदि कुछ यात्री रह जाते हैं तो इनको जिस भी क्षेत्र में ये रह गये हैं, वहीं सुरक्षित जगहों पर रुकने का प्रबन्ध करवाने के साथ कल प्रात:काल फिर से रेस्क्यू कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। केदारनाथ धाम के पैदल मार्ग पर स्थित जगहों पर प्रशासन के स्तर से यात्रियों के खाने पीने की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। आज शुरू हुए रेस्क्यू अभियान की जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक गुप्तकाशी श्रीमती हर्षवर्द्धनी सुमन ने बताया कि आज भी रेस्क्यू कार्य लगातार जारी है। गत दिवस हुई अतिवृष्टि के कारण केदारनाथ धाम पैदल मार्ग में अलग- अलग जगहों पर फंसे यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के लिए जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग डॉ0 सौरभ गहरवार एवं पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग डॉ विशाखा अशोक भदाणे के नेतृत्व में रेस्क्यू अभियान निरन्तर जारी है। लिंचोली हैलीपैड से हैलीकॉप्टर के माध्यम से रेस्क्यू कार्य प्रारम्भ करते हुए यात्रियों को शेरसी हैलीपैड पर सुरक्षित लाया जा रहा है।

# जांच कमेटी ने कोचिंग व स्टडी सेंटरों में किया निरीक्षण, 6 किए सील व 10 को दिए नोटिस

हल्द्वानी (उद संवाददाता) शासन के निर्देश पर कोचिंग एवं स्टडी सेंटरों की जांच के लिए बनाई गई कमेटी द्वारा गत दिवस शहर के विभिन्न इलाकों में बेसमेंट में चलाये जा रहे कोचिंग संस्थानों में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान भारी गड़बड़ी पाई जाने पर 6 कोचिंग सेंटरो को मौके पर ही सील किया गया। जबकि 10 को नोटिस दिए गए है। नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एडिशनल एसपी प्रकाश आर्य, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार सहित नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम ने संयुक्त रूप से नगर के 16 कोचिंग एवं स्टडी सेंटरों का ओचक निरीक्षण किया। सर्व प्रथम टीम ने नैनीताल रोड स्थित दुर्गा सिटी सेंटर में संचालित कंप्यूटर कोचिंग सेंटर व अन्य कोचिंग सेंटर में छापेमारी की। इस दौरान कोचिंग सेंटर के आसपास अवैध होर्डिंग बोर्ड देखकर नगर आयुक्त ने तत्काल नगर निगम की टीम से अवैध होर्डिंग बोर्ड उतरवा कर जब्त करवाए।



इसके बाद महिला डिग्री कॉलेज के पास छापेमारी करने पहुंची टीम ने कोचिंग सेंटर में अनियमितता मिलने पर उसे मौके पर सील कर दिया। इसी प्रकार मुखानी कालाढूंगी रोड, देवलचौड़ में स्थित 16 कोचिंग सेंटर के मानकों और दस्तावेजों को चेक किया। जिसमें 6 कोचिंग सेंटर सील किए गए जबकि 10 कोचिंग सेंटरों को नोटिस जारी किया गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जांच समिति ने औचक निरीक्षण किया गया है जो आगे भी जारी रहेगा। बेसमेंट में चल रहे कोचिंग सेंटर एवं स्टडी सेंटरों आदि में सुरक्षात्मक उपाय, अग्निशमन यंत्र सहित सभी भवन उपविधि के अनुसार निर्माण की विधिवत अनुमति के मानकों को पूरा करने वाले कोचिंग सेंटरोंको ही संचालित किए जाने की अनुमति दी जाएगी।

# चोरी की मोटर साईकिल सहित वाहन चोर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।बनभूलपुरा पुलिस ने चोरी की मोटर साईकिल सहित एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 30 जुलाई को सोहेल अहमद निवासी वार्ड नंबर-15 बनभूलपुरा द्वारा थाने में आकर रपट दर्ज कराई थी कि उसकी मोटर साइकिल संख्या यूके 04 ए ए 0569 घर के बाहर खड़ी थी चोरी हो गई है। मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास के सभी सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य मदद से चौकिंग के दौरान गोला बाईपास रोड पर यात्री विश्राम गृह के पास से संदिग्ध रूप से घूम रहे इक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आकिल सैफी पुत्र शकील अहमद मूल निवासी ग्राम खोदकला थाना स्वार जिला रामपुर हाल निवासी शनि बाजार रोड गोजाजाली बताया। पुलिस ने उसके पास से चोरी की उक्त मोटर साईकिल बरामद कर ली। आवश्यक पूछताछ करने के बाद पुलिस ने मोटर साईकिल कब्जे में लेकर आकिल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उनि अनिल कुमार, कानि. भूपेन्द्र सिह जेष्ठा व महबूब अली शामि थे।



# डाक कांवर लेकर लौटे शिव भक्तों का किया भव्य स्वागत

हल्द्वानी/ सितरगंज/गूलरभोज(उद संवाददाता)। महानगर टैंट एसोसिएशन द्वारा चाँदनी चौक घुड़दौडा रामपुर रोड हल्द्वानी के शिव भक्तों द्वारा गोमुख और





हरिद्वार से कावड़ लेकर पहुँचे भक्तों का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया। दल नायक कुंदन बोरा के नेतृत्व में नवीन बोहरा,कुँवर सिंह, पंकज बिस्ट, हिमांशु शग्रोला,त्रिलोक मेहरा, करन उड़ियाठी गोमुख से कावड़ लेकर आये है, हरिद्वार से मनोज बोहरा, नवीन बिस्ट, हर्षित बिस्ट, मनोज बिस्ट, मोहित संगरोला, ललित कुलयाल, प्रांजल बोरा, श्याम सिंह ,खुशाल बृजवाल, तारा बिस्ट, नितेश बिस्ट, रक्षित बिस्ट मनीष कुलयाल, भावेश बिस्ट, नंदन सिंह बिस्ट, नितिन बिस्ट ,कमल हलवाई, मदन सिंह, मोहन नैनवाल, कुलदीप बिस्ट, वीरेंद्र बोरा, नवीन नेगी, चंदन बाबा, हरीश बिस्ट कांवड़ लेकर हरिद्वार से पहुँचे।दल में सबसे कम उम्र के भक्त 12 वर्ष हर्षित बिस्ट, सबसे बुजुर्ग भक्त महेश चंद्र तिवाड़ी 60 वर्ष है।महानगर टैंट व्यापारियों द्वारा महानगर अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे के नेतृत्व में स्वागत किया, साथ ही भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन किया।स्वागत करने वालों में महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिस्ट विमल तौलिया, प्रकाश भट्ट, भोला दत्त भगत, भगवती प्रसाद जोशी, मनोज कपिल, योगेश तिवाड़ी, राजू भट्ट, हेम भगत, पुरन नेगी, हेमंत बिस्ट, मोहन जोशी, गिरिजा नंदन भट्ट, देवेश भट्ट सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

**गूलरभोज**।-शिव मंदिर गूलरभोज में हरिद्वार से डाक कांवड़ लेकर लौटे कांवरियों का व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया और प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार गुप्ता, मनोज सिडाना, मिथुन, बलदेव, नंदन सिंह सागर, संजीव कुमार, सीताराम आदि उपस्थित थे।

**सितारगंज**- सावन के पावन माह मे शिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर हरिद्वार से जल लेकर लौटे काँवाडियों का नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भोलेनाथ के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सावन का महीना भगवान भोलेनाथ का सबसे प्रिय महिना माना जाता है। ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी शिव भक्त कांवड़ लेकर भोले बाबा के दरबार पर पहुंचता है, उसकी सारी मनोकामना भगवान शिव पूरी करते हैंइस माह मे भगवान् शिव का भक्तों पर विशेष आशीर्वाद होता है। गुरूवार को प्रातः से ही नगर मे कावड़ियों का प्रवेश आरम्भ हो गया था। जिनके लिए नगर के विभिन्न मंदिरों व धार्मिक संस्थाओं मे जलपान व विश्राम कि व्यवस्था कराई गई थी। मोनी बाबा काँवड संघ के महंत आनंद बोरा व महंत नितिन अरोरा ने बताया कि सितारगंज से लगभग 500 भोलो ने यात्रा मे भाग लिया। जिसमे 100 लीटर जल की 2, 50 लीटर की 4, 40 लीटर की 4 एवंम 21 लीटर की 100 काँवड़ तथा झूला व बैकुंठी काँवड़ लाई गई। काँवड़ लेकर अधिकांश भोले क्षेत्र के प्राचीन झारखंडेश्वर मंदिर पंहुचे गए जो शुक्रवार को प्रात:काल शिवलिंग पर जल अर्पण करेंगे। इसके आलावा क्षेत्र के मोनी बाबा मंदिर, शिव मंदिर बघौरा, नानकमत्ता के देवघाट मंदिर पर भी काँवड़ चढ़ाई जाएंगी। कावड़ियों के जत्थे नगर मे ढोल नगाड़ों के साथ पंहुचे कि नगर के मुख्य चौक पर स्वागत मे खड़े भाजपाइयों व आम जनमानस मे जोरदार तरीके से उनका स्वागत किया। पुष्पवर्षा करने वालों मे मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे,मण्डल अध्यक्ष आदेश चौहान, सुखदेव सिंह,राजू नगदली, नितिन चौहान, पंकज गहतोड़ी,शिवपाल चौहान,विजय सलूजा, राकेश त्यागी, दयानन्द तिवारी,नवीन भट्ट , सतीश उपाध्याय, सोनू गुप्ता, दीपक गुप्ता, नीरू गुप्ता, अरविंद गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव, विजय सलूजा, आनंद बल्लभ, शिवम, सुमन राय,बीना साहू,भाजपा महिला की मण्डल उपाध्यक्ष ललिता पंवार, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीना अरोरा,जया जोशी, कार्यकारिणी सदस्य गीता गड़कोटी, जानकी कोहली ,सुलोचना भट्ट आदि दर्जनों भाजपाई उपस्थित रहे।





# कलश यात्रा के साथ शांति विहार मंदिर में शिवलिंग की स्थापना

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।दर्जनों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल शांति विहार मंदिर में विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ शिवलिंग की स्थापना की। इस दौरान मंदिर के पुरोहित जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य शिवलिंग स्थापित किया। जहां सभी भक्तों ने बम बम भोले का शंखनाद किया। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कलश यात्रा से लेकर शिवलिंग की स्थापना तक अपना सहयोग दिया ।उन्होंने कहा पवित्र सावन के महीने में शांति विहार मंदिर में शिवलिंग स्थापित किया गया है। भगवान शिव भक्तों के आराध्य हैं और भगवान शिव की पूजा अर्चना से भक्तों के जीवन का उद्धार होता है। इससे पूर्व शांति विहार कॉलोनी के पांचो मंदिरों की परिक्रमा करते हुए कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं पारंपरिक



वेशभूषा में अपने सिर पर कलश लेकर चली और उसके पश्चात शांति विहार मंदिर में शिवलिंग स्थापित किया गया। इस दौरान मुकेश वशिष्ठ बंटी वशिष्ठ गीता भाकुनी, लीना बिष्ट ,शोभा खेतवाल, भगवती जोशी, शांति पाठक, पायल शर्मा, पूनम शर्मा, रेखा शर्मा ,अंजू शर्मा, राजेश्वरी शर्मा ,सुशील शर्मा, मनोज शर्मा ,कमल सक्सेना, राकेश शर्मा, मुकेश शर्मा, धन सिंह नेगी ,गोपाल सिंह ,गणेश दत्त जोशी ,अंबा दत्त जोशी, भीम सिंह भाकुनी ,हुकम सिंह नेगी, बी डी भट्ट राज कोली आदि मौजूद थे।

# सावन की शिवरात्रि पर प्राचीन शिव मंदिर में लगा भक्तों का तांता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सावन की शिवरात्रि पर करतारपुर रोड सुआनगला स्थित प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल और समाज सेवी सुधीर अरोरा व राजकुमार भुसरी ने भी प्राचीन श्री मोटा महादेव शिव मंदिर में पहुंच कर जलाभिषेक और पूजा अर्चना की तथा भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस पूर्व विधायक ठुकराल ने कहा कि अपनी संस्कृतिक को



संजाये रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने मंदिर में भंडारे के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और मंदिर में होने वाले कार्यक्रमों में हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान बंटी कोली ,ललित बिष्ट , विशाल मेहरा आदि थे।

# घर बनाने में अपने खेत की मिट्टी पर रॉयल्टी चुका रहे किसान

## खनन विभाग के गेटों पर किसानों को मिट्टी रॉयल्टी में नहीं मिली छूट

सितारगंज(उद संवाददाता)। किसान यानी अन्नदाता को अपने ही खेतों से घर बनाने, उथले, गहरे खेतों



को समतल करने के लिए मिट्टी ढोने पर खनन विभाग को अलग से कर के रूप में रॉयल्टी चुकानी पड़ रही है। खनन विभाग के चेक पोस्ट पर किसानों को अपने खेतों से मिट्टी लाने पर किसी प्रकार की छूट प्रदान नही की है। जबकि अन्य विभागों में किसानों को काफी हद तक राहत प्रदान की जाती है। इसके अलावा किसानों को बाढ़ की दशा में भी घरों, खेतों को समतल करने के लिए मिट्टी की आवश्यकता पड़ती है। खनन विभाग के चेक पोस्टों पर किसानों को किसी प्रकार की छूट नहीं मिली है। इन चेक पोस्टों पर खनन से संबंधित वाहनों की रॉयलटी चेक कर त्वरित काटी जाती है। ऐसा इसलिए कि उनमें उपखनिज, रेत, बजरी, आदि के व्यावसायिक वाहन सम्मिलित होते हैं। लेकिन एग्री कल्चर वाहनों को भी मिट्टी आदि के परिवहन के संबंध में किसी प्रकार की छूट नहीं दी गई है। काश्तकार अगर अपने निजी खेत से घर बनाने, पाटने के लिए मिट्टी लेकर आता है तो इन चेकपोस्ट में किसान को भी मिट्टी की कमर्शियल दरों में रॉयल्टी चुकानी पड़ेगी। जिससे किसान के घर निर्माण का सपना बुनायदी रूप से मंहगा होना लाजमी है। इसके अलावा हर वर्ष किसानों की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि नदी की बाढ़ में समा जाती है। किसानों के खेतों में गड्ढे हो जाते है। किसान घर के साथ ही खेतों को उपजाऊ बनाने के लिए मिट्टी का परिवहन करते है। किसान राजेश कुमार ने बताया कि गरीबी के हालात में किसानों को अपने खेत की माटी का रॉयल्टी के रूप में कर चुकाना पड़ रहा है।

खनन गेटों से मिट्टी परिवहन करने पर किसानों को भी रॉयल्टी देनी होगी। नियमानुसार किसानों को उनके खेत से मिट्टी परिवहन की कोई छूट प्रदान नही है। -**अमित गौरव, जिला खनन अधिकारी**

किसानों को घर बनाने के लिए अपने खेत की मिट्टी परिवहन पर रॉयल्टी वसूलना गलत है। किसान को रॉयल्टी में पूरी छूट मिलनी चाहिए। वह इस मुद्दे को प्रस्ताव के रूप में रखेंगे।

-**गुरसाहब सिंह, जिला प्रवक्ता, भारतीय किसान यूनियन टिकैत**

किसानों को खेतों की मिट्टी पर छूट मिलनी चाहिए। काश्तकारों को घर बनाने के लिए मिट्टी कर चुकाना बेहद गलत है। किसानों को उनकी उपज, संपत्ति पर पूरे देश में परिवहन, बिक्री की करों से छूट देना ही किसान हित में होगा।

-**अनिरुद्ध राय पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, भारतीय किसान संघ**

# सहस्रधारा में बहे दिल्ली के तीन युवक, दो के शव बरामद किए

देहरादून। दिल्ली से सहस्रधारा घूमने आए तीन युवक नदी के तेज बहाव में बह गए। एक को नदी तट पर मौजूद लोगों ने बचा लिया, जबकि दो युवकों के शव बरामद हो गए। घायल अवस्था में बचाए गए युवक का कोरोनेशन अस्पताल में इलाज चल रहा है। दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके से ये युवक 10-12 साथियों के साथ कांवड़ लेने के लिए निकले थे। इससे पहले सभी बृहस्पतिवार दोपहर सहस्रधारा नहाने के लिए पहुंच गए। एसओ राजपुर पीडी भट्ट ने बताया, कंट्रोल रूम पर सहस्रधारा में तीन युवकों के बहने की सूचना मिली थी। इस पर वहां पुलिस, फायर सर्विस और एसडीआरएफ के जवान पहुंचे। संयुक्त टीम ने युवकों की तलाश की तो करीब 400 मीटर दूर दो युवकों के शव मिल गए, जबकि तीसरे युवक को नदी तट पर मौजूद लोगों ने निकाल लिया। मृतकों की पहचान इंद्रपाल (35), निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली और भूपिंदर राणा निवासी अमर विहार सुल्तानपुरी, दिल्ली के रूप में हुई है, जबकि घायल का नाम मनोज निवासी सुल्तानपुरी दिल्ली है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखा गया है। एसओ के मुताबिक, करीब 10-12 युवकों का दल सहस्रधारा पहुंचा था। दोपहर के वक्त युवक नदी में बह गया। मनोज किनारे पर ही बह रहा था। ऐसे में वहां मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाल लिया। एसओ के अनुसार, ये सभी कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जाने वाले थे, लेकिन इससे पहले सभी ने सहस्रधारा में नहाने का मन बनाया था। इसी बीच यह हादसा हो गया। मृतकों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।


**गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध**

- 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

# कमिश्नर ने लखपति दीदी, ड्रोन दीदी व महिला समूह की चिन्हित महिलाओं को किया सम्मानित

नैनीताल (उद संवाददाता)। कुमायूँ कमिश्नर दीपक रावत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, भीमताल में केन्द्रपोषित योजनाओं की मण्डल स्तरीय योजना आदि विभिन्न योजनाएं चलायी गयी, इन योजनाओं के विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित कुमाऊं मंडल के व ऐंपण कार्य, मोमबत्ती निर्माण, दुग्ध उत्पादन, डेयरी, कृषि कार्य, स्प्रो आदि विभिन्न क्षेत्रों में प्रशंसनीय और प्रगतिशील कार्य कर रही लखपति दीदी, ड्रोन दीदी रबड़ प्लांट्स का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण हमारे व हमारे आने वाले भविष्य के लिए कितना उपयोगी है, इस पर भी प्रकाश विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन, पर्यटन आदि विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, लेकिन इन कार्यों को अभी ओर बेहतर करने की आवश्यकता है। आज सीडीओ अल्मोड़ा आकांक्षा कोण्डे, सीडीओ बागेश्वर आरसी तिवारी, व सीडीओ उधम सिंह नगर मनीष कुमार आदि जिलों के मुख्य विकास अधिकारी,










समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुमाऊं आयुक्त ने केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन, कृषि, पशु पालन, मत्स्य पालन, जल संरक्षण के लिए अमृतसरोवर, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड डे मील, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह कार्य जो धीमी गति से चल रहे हैं, उनमें तेजी लायी जाए और उनकी सूची तैयार कर अवगत कराया जाए। दीपक रावत द्वारा विकास भवन सभागार में जूट से वेग, मेट, चटाई व महिला समूह की चिन्हित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार रूप देने के लिए( एक पेड़ मां के नाम) थीम के तहत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने विकास भवन परिसर में डाला। इस दौरान बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि सभी जनपदों में विकास कार्य अनवरत रूप से गतिमान हैं। जल संस्थान, एनआरएलएम, सिंचाई विभाग, कृषि अनेक क्षेत्रों में आजीविका के साधन बढ़े हैं, जिससे पलायन की गति पर अंकुश लगने का कार्य हो रहा है। इस दौरान बैठक में सीडीओ नैनीताल अशोक कुमार पांडे, सीडीओ पिथौरागढ़ नन्दन कुमार, सीडीओ चम्पावत संजय कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी धारी, जिला अर्थ संख्या अधिकारी नैनीताल, एसपी सिटी नैनीताल, जिला विकास अधिकारी नैनीताल, नैनीताल जनपद के खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय आलाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाज सेविका सुषमा अग्रवाल ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रतिष्ठित समाजसेविका एवं अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक दिवसीय प्रदर्शनी का किच्छा रोड में बतौर मुख्य अतिथि धार्मिक अनुष्ठानों के बीच शुभारम्भ किया। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर पहुंचने पर उनका प्रदर्शनी के आयोजक श्रृंखला मिगलानी, यथार्थ पाहवा और सांची पाहवा ने बुकेट देकर स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में रूद्रपुर सहित कई प्रमुख शहरों से आई महिलाओं द्वारा विभिन्न वस्तुओं के लगाए गए स्टालिन का निरीक्षण करने के बाद सुषमा अग्रवाल ने कहा कि प्रदर्शनी में महिलाओं द्वारा तरह तरह के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, विभिन्न तरह के परफ्यूम, जूते, चप्पल, सूट, बेडशीट, खिलौने समेत



तरह तरह के आकर्षक स्टाल लगाए गए हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में कामकाजी महिलाओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर उपलब्ध होता है। एक ही छत के नीचे समाज की हर वर्ग की महिलाओं को उच्च गुणवत्ता एवं उचित मूल्यों पर जरूरत का हर सामान मिल जाता है। उन्होंने प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की भी सराहना की। बच्चों ने पर्यावरण की रक्षा को लेकर नाटक प्रस्तुत किया। खटीमा की बाल संस्था ने आर्ट्स के जरिए अपनी प्रतिभा को दिखाया। प्रदर्शनी की आयोजक श्रृंखला मिगलानी, यथार्थ पाहवा और सांची पाहवा ने बताया कि प्रतिवर्ष वूमेन एंपावरमेंट की थीम के साथ प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। पिछले 9 वर्षों से इस वह रुद्रपुर में इस प्रदर्शनी का आयोजन करते हैं। जहां लखनऊ ,बरेली, मेरठ, मुंबई, कोलकाता, बनारस सहित कई शहरों से विभिन्न लोग अपने स्टाल लगाते हैं। इस मौके पर विजय अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, सलोनी अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, स्नेहिल, वीना गोयल, सविता अग्रवाल, कांता अग्रवाल, कनिका कौशिक, सुमन मित्तल समेत तमाम महिलाएं मौजूद थी।



# वार्ड 10 से नाजिर अली ने ठोकी सभासद पद की दावेदारी

गदरपुर( उद संवाददाता)। निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। गदरपुर में वार्ड नंबर 10 निवासी नाजिर अली ने वार्ड से सभासद पद की दावेदारी पेश करते हुए बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय का शुभारम्भ किया। जिसका उद्घाटन वार्ड के बुजुर्ग हाजी मो. हमीद (बड़े चौधरी)द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों ने नाजिर अली को शुभकामनाएं दी वही नाजिर अली ने बताया कि वार्ड नंबर 10 से कांग्रेस हाई कमान से टिकट की मांग की है। नाजिर अली ने बताया कि काफी समय से वार्ड नंबर 10 विकास






कार्यों में पिछड़ा हुआ नजर आ रहा है। पूर्व सभासद द्वारा वार्ड में विकास कार्य नही कराए अब वार्ड नंबर 10 की जनता ने परिवर्तन लाने की ठानी है और वार्ड के लोगों के आशीर्वाद से ही कार्यालय खोला है। वार्ड वासियों के प्यार ने आगे बढ़ने का हौसला दिया है। इन्हीं वार्ड वासियों की प्यार के बदौलत वार्ड नंबर 10 पर जीत का परचम लहराया जाएगा।समाजसेवी सिब्ते नबी ने बताया कि युवाओं को आगे आना चाहिए वार्ड में बहुत सी कमियां है कई युवाओं की तैयारी चल रही है युवाओं के आने से वार्ड का विकास होगा। पारस धवन ने कहा कि कांग्रेस का कार्यालय खुला है सच की दुकान है। कांग्रेस जिसे टिकट देगी उसे तन मन धन से चुनाव लड़वाएंगे और वार्ड नंबर 10 से कांग्रेस का वार्ड मेंबर जिताएंगे। हाजी मो हमीद ने बताया कि अभी शुरुआत है कई सारे लोग और साथ में आएंगे तरक्की होगी। फराहीम ने बताया कि तैयारी पूरी है वार्ड न.10 जीतेंगे। इस दौरान उद्घाटन में मौजूद सलीम बाबा, जाहिद हुसैन,शाकिर अली,बृजेश चौधरी पारस धवन, एडवोकेट मोहम्मद मेराज, सिब्ते नबी, आमिल सलमानी, साजिद, फिरोज, शाहरुख, आमिर,आजम, शाहनवाज मलिक, कदीर, यश, आसिफ मलिक, मुजाहिद मलिक, रागिव, कदीर, आशीष, नबी अहमद, फैजान, मो मोमीन, असीम पाशा, हाजी फिरासत अली, जेद पाशा, मो रूकशाद, अकरम सलमानी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।



# फ्रांस के छात्र-छात्राओं का रुद्रपुर में भारतीय परंपरा के साथ जोरदार स्वागत

## विदेशी छात्र-छात्राओं ने सिद्धिदात्री डेंटल एवं हेल्थ क्लीनिक में पहुंच कर हासिल की कई जानकारियां, श्री हरि धाम मंदिर मे साँय कालीन आरती में लिया भाग

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। फ्रांस से छात्र-छात्राओं के आए शिष्टमंडल का रुद्रपुर पहुंचने पर भारतीय संस्कृति के अनुसार जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने हिंदू देवी देवताओं और भारतीय संस्कृति को करीब से जानने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार फ्रांस के 12 विश्वविद्यालय से 19 छात्र-छात्राओं का एक शिष्टमंडल डॉक्टर एच. जे. शिव प्रसाद के नेतृत्व में एक माह की इंटरशिप के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय आया हुआ है,जहां सभी छात्र-छात्राएं पंतनगर विश्वविद्यालय के अलग-अलग 8 कॉलेजेस में इंटर्नशिप कर रहे हैं। गत दिवस प्रोफेसर श्री प्रसाद के नेतृत्व में सभी छात्र-छात्राएं शारदा कॉलोनी स्थित सिद्धिदात्री डेंटल एवं हेल्थ क्लिनिक पहुंचे जहां पूरे शिष्टमंडल का भारतीय संस्कृति के अनुसार तिलक लगाकर पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत करते हुए उन्हे पटका पहनाते हुए भारतीय संस्कृति में रंगने का प्रयास किया। सिद्धिदात्री डेंटल एवं हेल्थ क्लिनिक की एमडी डॉक्टर मनी राजदेव ने सभी छात्र-छात्राओं को क्लीनिक के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अपनी



प्रैक्टिस का अनुभव उनके साथ साझा किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी क्लिनिक से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां और प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की गई। इस अवसर पर डॉक्टर मनी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। यहां से सभी छात्र-छात्राएं श्री हरि धाम मंदिर पहुंचे और वहां हिंदू देवी देवताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए हिंदुस्तान की धर्म संस्कृति के बारे में जानकारी हासिल करते हुए साँय कालीन आरती में भाग लिया। इस दौरान मंदिर में होने वाली श्री गणेश भगवान,श्री बालाजी महाराज, श्री शिव भगवान सहित विभिन्न देवी देवताओं की आरतियों का पूरे भक्ति भाव के साथ तालियां बजाकर आनंद लिया। आरती के पश्चात श्री हरि धाम मंदिर के महंत मनीष सलूजा जी से सभी छात्र-छात्राओं ने आशीर्वाद भी प्राप्त किया। इस दौरान डॉ विवेक राजदेव,डॉ मनी राजदेव,सीमा राजदेव, गौतम राजदेव,प्रोफेसर सुभाष खुराना, सोना खुराना, मानिक खुराना,मनीष श्रीवास्तव, मनोज चावला,ज्योति,पूजा पांडे सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।







## विदेशी छात्र-छात्राओं ने मेडिकल कॉलेज पहुंच देखी व्यवस्थाएं

रुद्रपुर। फ्रांस से आए छात्र-छात्राओं का गत साँय पंडित राम सुमेर शुक्ला मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर यहां भी जोरदार स्वागत हुआ। विदेशी शिष्टमंडल ने मेडिकल कॉलेज पहुंच यहां डॉक्टर, स्टाफ आदि से मुलाकात कर विभिन्न जानकारियां हासिल की। फ्रांस से आए 19 छात्र-छात्राओं के शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे डॉक्टर एच.जे.शिवप्रसाद ने बताया कि फ्रांस और भारत सरकार के बीच हुए 5 वर्षीय समझौते के तहत दोनों ही देशो के छात्र-छात्राएं, डॉक्टर



प्रोफेसर आदि शिक्षा,तकनीक और संस्कृति का ज्ञान लेने एक दूसरे के देश आ जा रहे हैं। इसी के तहत फ्रांस के छात्राओं का यह शिष्टमंडल पंतनगर विश्वविद्यालय में एक माह की इंटर्नशिप कर रहा है और शिक्षा,तकनीक कैसे साथ-साथ यहां की संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करने के लिए भ्रमण पर निकला है।इस शिष्टमंडल में 15 छात्राएं और 4 छात्र शामिल हैं। अगले वर्ष मार्च-अप्रैल में पंतनगर विश्वविद्यालय से भी छात्र छात्राओं को एक शिष्टमंडल फ्रांस जाएगा और शिक्षा,तकनीक के साथ वहां की संस्कृति से वाकिफ होगा। इस दौरान मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ केदार शाही, डॉ विवेक राजदेव, डॉ मणि राजदेव, मनोज ठाकुर सहित मेडिकल कॉलेज का तमाम स्टाफ मौजूद था।

## किसान से धोखाधड़ी पर बैंक में तालाबंदी की चेतावनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। शहर की एक्सिस बैंक शाखा में बुजुर्ग किसान से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 72 वर्षीरू बुजुर्ग किसान स.साहब सिंह निवासी मुकंदपुर डेरा ने लगभग 6.5 साल पहले एक एक लाख रुपए अपनी पोतियों के नाम पर 3 साल के लिए म्यूचुअल फंड में निवेश किया था और उसके 3 साल बाद बनी रकम लेने बैंक पहुंचे। बैंक वालों ने रकम देते वक्त उनको दोबारा निवेश करने का सुझाव दिया। कई बार बुजुर्ग ने मना किया लेकिन बैंक कर्मियों ने 3 साल में डबल रकम देने का प्रलोभन देकर बैंक 40,000 रोककर बाकी बची रकम वापिस कर दी। बीस बीस हजार दोनो पोतियों के नाम पर 3 साल के लिए म्यूचुअल फंड में लगाने की बात कही। जब बुजुर्ग 3 साल बाद लगभग 6 महीने पहले बैंक से अपना पैसा लेने जाते है तो उन्हें कहा जाता है कि आपने पैसा एलआईसी में लगाया था और आपने किश्त जमा नही की तो आपका सारा पैसा



खत्म हो चुका है। एलआईसी पॉलिसी की कोई भी जानकारी न तो बुजुर्ग को दी गई थी और न ही उनके पास किश्त बाउंस का कोई मैसेज या कॉल आई। इन तीन सालों में बुजुर्ग हर महीने में दो से तीन बार बैंक भी आते जाते रहे है अपने लेन देन के लिए और बैंक के कर्मचारियों के द्वारा भी कोई सूचना नहीं दी गई। इससे साफ है कि ये उस समय के बैंक मैनेजर और कर्मचारी द्वारा सोची समझी साजिश के तहत बुजुर्ग का पैसा उनकी जानकारी के बिना म्यूचुअल फंड की जगह दूसरी किसी योजना में लगा दिया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा वर्तमान बैंक मैनेजर और कर्मचारियों से बात करके उन्हें सोमवार तक का समय दिया है। इस दौरान अगर बुजुर्ग का पैसा ब्याज सहित उनको वापिस नही दिया जाता है तो किसान यूनियन एक्सिस बैंक के खिलाफ आंदोलन चलायेगी।

## पत्नी को आत्म हत्या के लिए उकसाने पर पति गिरफ्तार

काशीपुर। जसपुर में एक सप्ताह पूर्व महिला का शव पेड़ पर लटका मिला था। मामले में पुलिस ने उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाल हरेंद्र चौधरी ने बताया कि राजपुर गांव निवासी आशा देवी का शव 25 जुलाई को गन्ने के खेत में पेड़ पर फंदे से लटका मिला था। मृतका की बेटी सोनम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पिता हरिराज सिंह नशा करके घर में रोजाना लड़ाई-झगड़ा करता था। उसकी मां को पीटता था। पिता ने कई लोगों से पैसे लिए थे। वह उन तीनों बहनों की शादी बड़ी उम्र के व्यक्तियों से करना चाहता था। मां इसका विरोध कर रही थी। कहा कि पिता के आपराधिक किस्म के लोगों से संबंध हैं और वह दो बार जेल जा चुका है। बताया कि 25 जुलाई की शाम वह मां के साथ खेत में घास काटने गई थीं। बहनें एक खेत में तो मां दूसरी खेत में घास काट रही थी। कुछ देर बाद उन्होंने मां को खेत किनारे एक पेड़ पर फंदे से लटका देखा। जब तक उन्हें उतारा, उनकी मौत हो चुकी थी। उन्होंने पिता पर हत्या का आरोप लगाया था। जांच के बाद पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में हरिराज सिंह पर बीएनएस 108 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




## विधानसभा सत्र के दौरान धरने पर बैठेंगे पूर्व विधायक महाजन

दिनेशपुर(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर चार सूत्रीय मांग को लेकर आगामी सत्र में राज्य विधानसभा भवन के सामने धरना प्रदर्शन की बात कही है।ज्ञापन मे महाजन ने कहा कि मटकोटा-दिनेशपुर मार्ग के पुननिर्माण व बदहाल मार्ग में हुए दुर्घटना में मारे गए मृतक आश्रितों को मुआवजा देने, बंगाली समुदाय के उपजाति के छात्रों को पूर्व में मिलने वाली छात्रवृति को तुरंत बहाल करने, उत्तराखण्ड में निवास कर रहे बंगाली और रायसिख समाज के लिए गठित श्री गुरुचांद ठाकुर और संत केसरसिंह राहत कोष के लिए प्रत्तद दो - दो करोड़ रुपयें की धनराशि को कोष में प्रदान कर समुदाय के लोगों को लाभ दिलाने और पिछले दिनों रुद्रपुर में एडवोकेट प्रशांत सिंह पर गोलीबारी के षड़यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने व पीड़ित को सुरक्षा प्रदान करने की मांग को लेकर विधानसभा के आगामी सत्र के दौरान विधान सभा के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ दो दिवसीय धरना दिया जायेगा।

## मानव जीवन में धर्म ही प्रधान: विजय शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के





12वें दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि पैसा मुख्य नहीं है धर्म ही मुख्य है,मानव जीवन में धर्म ही प्रधान है, धन से सुख नहीं मिलता सुख मिलता है सच्चे संस्कारों से, अच्छे संस्कारों से, संयम से और सदाचार से, प्रभु भक्ति और त्याग से सुख मिलता है, धर्म से धन कभी भी श्रेष्ठ नहीं हो सकता, धर्म इस लोक में और परलोक में सुख देता है, मरने के बाद धन साथ नहीं जाता धर्म ही साथ जाता है अत: धन से धर्म श्रेष्ठ है जब मनुष्य धर्म को धन से विशेष समझता है तब जीवन सुधरता है। प्रसाद की सेवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष एवं श्री सनातन धर्म सभा के मुख्य सलाहकार राजकुमार भुड्डी ,पंकज बहल और योगेंद्र शर्मा के परिवार द्वारा दी गयी।

## कोचिंग सेंटरों में चलाया चेकिंग अभियान

रामनगर(उद संवाददाता)। कुछ दिन पूर्व दिल्ली में बेसमेंट में संचालित एक कोचिंग सेंटर में पानी भरने के दौरान वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों की हुई दर्दनाक मौत के बाद उत्तराखंड सरकार भी पूरी तरह अलर्ट मोड पर है जिसके क्रम में गुरुवार को रामनगर में भी पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कई कोचिंग सेंटरों पर जहां एक ओर भारी अनियमितताएं मिली तो वही कई कोचिंग सेंटर बिना अनुमति के संचालित दिखाई दिए। इस संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ऐसे कई कोचिंग सेंटर मिले जो बिना अनुमति के चल रहे थे तथा कई सेंटरों पर अग्निशमन उपकरण व आपातकालीन निकासी द्वार भी नहीं मिले इसके अलावा भी काफी कमियां देखने को मिली उन्होंने कहा कि कोचिंग सेंटरों शिक्षा ग्रहण करने वाले सभी छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सभी संचालकों को एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं यदि इसके बावजूद भी किसी कोचिंग सेंटर में कोई खामी पाई गई तो संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस की कार्रवाई से कोचिंग सेंटर संचालकों में हड़कंप भी मचा रहा।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## इजराइल व हमास का टकराव

करीब सात महीने पहले इजराइल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच टकराव की वजह से गाजा पट्टी में आम लोगों की जिंदगी किस दशा में चली गई है, यह सभी जानते है। इस युद्ध के दौरान त्रासदी का स्तर लगातार ज्यादा गहराते जाने के दौर में कई तरफ से युद्ध विराम के लिए इजराइल पर दबाव बनाने की कोशिशें चल रही थीं। यहां तक अमेरिका भी अपने करीबी सहयोगी से युद्ध को रोकने की उम्मीद कर रहा था। मगर इजराइल का रुख स्पष्ट बना रहा कि वह हमास पर हमले में कोई नरमी नहीं बरतेगा। इसके बावजूद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विराम की मांग की जा रही थी। अब ईरान में हमास प्रमुख इस्माइल हनियेह की जिस तरह हत्या कर दी गई और हमास के मिलिट्री कमांडर मोहम्मद दिएफ के भी मारे की जाने की खबर आई है, उससे न केवल शांति की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है। खुद ईरान ने भी हनियेह की मौत का बदला लेने की बात कही है। हालांकि अमेरिका ने दोनों पक्षों से तनाव कम करने की गुजारिश की है और ईरान पर जवाबी कार्रवाई न करने का दबाव बढ़ाया है। मगर उसकी अनदेखी कर अगर ईरान ऐसा कोई कदम उठाता है, तो उसके नतीजों का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। दरअसल, हनियेह की मौत के बाद समूचे मध्यपूर्व में जिस स्तर का तनाव उभरा है, वह कभी भी कोई चिंताजनक शक्ल अख्तियार कर ले सकता है। आशंकाएं यहां तक जताई जाने लगी हैं कि हनियेह की मौत के बाद उपजे हालात में अब ईरान इजराइल पर सीधा हमला भी कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो अब तक केवल इजराइल और हमास के बीच सिमटे टकराव की आग में कई अन्य देश खुद को उलझा हुआ पाएंगे। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर युद्ध एक बार शुरू हो जाता है तब उसके बाद उसके अंत का स्वरूप शांति चाहने वाले समुदायों और देशों की इच्छा के अनुरूप नहीं होता है। इसलिए इजराइल ने हमास को सबक सिखाने का नाम लेकर जो जिद पकड़ ली है, उसने दुनिया के एक बड़े हिस्से को चिंतित कर दिया है। संघर्ष विराम की उम्मीदों के बीच समूचे मध्य पूर्व में इस तनाव के गहराने और युद्ध के नए मुहाने खुल जाने की आशंका बढ़ गई है।

# प्रदेश में बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए सड़कों के निर्माण में तेजी लायें : सीएम

## तीस अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किए जाने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की। उन्होंने 30 अक्टूबर तक प्रदेश की सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क निर्माण संबंधी कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर मानसून के बाद हर हाल में 30 सितंबर से निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा आपदा के दौरान अवरुद्ध हो रही सड़कों की अविलंब सुचारू करने के भी निर्देश दिए।उन्होंने सड़क मरम्मत के लिए अधिकृत जे.सी.बी. पर जी.पी.एस. व्यवस्था को प्रभावी बनाए जाने, पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के किनारे क्रैस बैरियर के साथ पेड़ लगाने, सड़कों पर डिवाइडर, रिफलेक्टर, साइनेज व लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदारों तथा जे.सी.बी ठेकेदारों के लंबित देयकों का अविलंब भुगतान के भी निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बेहतर रोड़ कनेक्टिविटी के लिए सड़कों के निर्माण में तेजी लानी होगी। इसके लिए टेंडर एवं डी.पी.आर. तैयार करने में तकनीकी दक्षता का प्रभावी उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़कों आदि के निर्माण



में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत निर्मित होने वाली सड़कों पर भी समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। ट्रॉली पर आवाजाही की निर्भरता कम करने के लिए इन स्थानों पर मोटर व पैदल पुलों के निर्माण में तेजी लाने पर भी मुख्यमंत्री ने जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड़ के तैयार होने के बाद देहरादून शहर पर बढ़ने वाले यातायात के दबाव की चुनौती का सामना करने के लिए रिंग रोड सहित शहर की प्रस्तावित अन्य सड़कों एवं एलिवेटेड रोड आदि की योजना पर तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने पी.एम.जी.एस.वाई. की सड़कों की मरम्मत में आ रही कठिनाईयों के निराकरण के लिए इसकी स्पष्ट गाइडलाइन तैयार किए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि सुगम और सुरक्षित यातायात के साथ आमजन के जीवन को सहज, सुगम और समृद्ध बनाने में सड़कों का बड़ा योगदान रहता है। निर्माण कार्यों से इकोलॉजी के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए सड़क निर्माण में प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग पर ध्यान दिए जाने की बात भी मुख्यमंत्री ने कही। बैठक में कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, सचिव लोक निर्माण डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए. श्री बंशीधर तिवारी, अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदण्डे, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री डी. के. यादव, अधीक्षण अभियंता एन. एच.ए.आई. श्री विशाल गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कांग्रेस की यात्रा में आपदा का कहर: रास्ते भी बह गए और पैरों में भी पड़ गए छाले!

## केदारघाटी में तबाही के बीच केदारनाथ प्रतिष्ठा बचाओ यात्रा अंतिम पड़ाव में पहुंची,कांग्रेसियों का जोश हाई

रूद्रप्रयाग। कांग्रेस की केदारनाथ बचाओ यात्रा अपने अंतिम पड़ाव में है। लेकिन कांग्रेस की यात्रा में प्राकृतिक आपदा ने कहर बरपा दिया है। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर जगह जगह भूस्खलन यात्रा में बड़ा रोड़ा बन रही है। विपरीत मौसम और भारी बारिश से केदारनाथ बचाओ यात्रा कर रहे कांग्रेसियों के लिए चुनौती बन रही है। लेकिन इसके बाद भी यात्रा चल रही है और कांग्रेसियों का जोश हाई है। करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र केदार घाटी इस वक्त चर्चाओं में है। आपदा और कांग्रेस की केदारनाथ रक्षा प्रतिष्ठा यात्रा को लेकर केदारघाटी की चर्चा हो रही है। कांग्रेस की पदयात्रा आज गुप्तकाशी से प्रस्थान कर आज सोनप्रयाग पहुंचेगी। कांग्रेस के प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने कहा कि गुप्तकाशी से यात्रा प्रस्थान कर आज सोनप्रयाग पहुंचेगी। मथुरा दत्त जोशी ने कहा हालांकि कई जगहों पर भूस्खलन के चलते मार्ग बाधित है लेकिन यात्री रुकेंगे नहीं। यात्री गांव के रास्तों से होते हुए सोनप्रयाग पहुंचेंगे। केदारनाथ बचाओ यात्रा में कांग्रेसियों का जोश हाई है। कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता एकजुटता के साथ पदयात्रा कर रहे हैं और लगातार आगे बढ़ रहे हैं कांग्रेस के प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी का कहना है कि इस पदयात्रा में जो भी सहयोगी हैं उनकी सराहना होनी चाहिए। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा हैं। कांग्रेस की पदयात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे ही कांग्रेस के सामने चुनौतियां भी आ रही हैं। केदारनाथ में देर रात अतिवृष्टि के कारण केदारनाथ पैदल यात्री पूरी तरह सुरक्षित है बस पांव में घाव और छाले हैं। उन्होंने कहा कि सोनप्रयाग में जो अप्रिय घटना घटी है जिन लोगों को जान-माल का नुकसान हुआ है उनके प्रति



सहित अन्य लोगों के पैरों में भी छाले पड़ गए हैं। लेकिन जिस तरीके से भाजपा ने आस्था के साथ खिलवाड़ करने का काम किया है उसके खिलाफ ये यात्रा है और प्रदेश अध्यक्ष के पैरों में छाले पड़ने के बावजूद वो लगातार इस यात्रा में चल रहे मार्ग का 30 मीटर का हिस्सा मंदाकिनी नदी में समा गया। जिस से केदारनाथ पैदल मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। ऐसे में कांग्रेस के लिए यात्रा पूरी करना एक चुनौती बनी हुई है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि सभी कांग्रेस की संवेदनाएं हैं। करन माहरा ने कहा कि वो प्रयास करेंगे कि सभी यात्री सुरक्षित बाबा केदार जाएं। उन्होंने बताया कि आगे की यात्रा को लेकर बैठक में निर्णय लिया जाएगा और बाबा केदार तक जल अवश्य जाएगा।

# नेशनल गेम्स के खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में राज्य में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों से संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) की बैठक सचिवालय में सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव श्रीमती रतूड़ी ने उत्तराखण्ड में पहली बार प्रस्तावित 38वें नेशनल गेम्स की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने देहरादून, हल्द्वानी, रुद्रपुर, हरिद्वार, टिहरी व पिथौरागढ़ में निर्धारित आयोजन स्थलों, स्टेडियम व खेल परिसरों के आसपास की सड़कों के सुदृढ़ीकरण तथा इसके लिए चीफ इंजीनियर लोक निर्माण विभाग को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करने जा रहे उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन करने को कहा। इस संबंध में गुजरात व केरल राज्यों के मॉडल का अध्ययन करने, नेशनल गेम्स के दौरान सुरक्षा व कानून व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन,



प्रचार-प्रसार व जन जागरूकता हेतु नोडल अधिकारी नामित करने पर भी चर्चा हुई।मुख्य सचिव ने प्रस्तावित नेशनल गेम्स हेतु आइस रिंक, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, टेनिस कोर्ट व घुड़सवारी के मैदानों के लिए बुनियादी ढांचे के विकास व रेनोवेशन कार्यों पर भी चर्चा की। बैठक में नेशनल गेम्स के सफल आयोजन में खेल विभाग की सहायता के लिए एक स्पोर्ट्स प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने तथा गेम्स मैनेजमेंट सिस्टम को संचालित करने के लिए एकीकृत स्पोर्ट्स पोर्टल व एप को डिजाइन व डेवलप करने पर भी चर्चा की गई। बैठक में पुलिस महानिदेशक श्री अभिनव कुमार, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री रमेश कुमार सुधांशु, विशेष सचिव श्री अमित सिन्हा, सचिव श्री शैलेश बगौली सहित खेल विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# पहेली बनी बोरे में बंद महिला की लाश

## पहले भी हत्या के बाद किच्छा क्षेत्र में ठिकाने लगाये जा चुके हैं शव

**( कैलाश पंडित )**

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीते 31जुलाई को हल्द्वानी रोड पर बेनी मजार के पास नदी में बैग में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई जबकि स्थानीय पुलिस प्रशासन अज्ञात महिला की शिनाख्त के लिए हर तरफ हाथ पैर मार रही है किंतु सफलता पुलिस के हाथ नहीं लग पा रही है।कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीते 1 वर्ष में इस तरह का यह तीसरा मामला है जब पुलिस द्वारा अज्ञात शवों की शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है। बीते वर्ष भी ग्राम भगवानपुर में पुलिस द्वारा जब एक पति द्वारा पत्नी की हत्या कर गड्ढे में दबा देने का खुलासा किया जा रहा था तो उसी क्षेत्र में एक अन्य महिला के शव को भी पुलिस ने बरामद किया था। जिसकी आज तक शिनाख्त नहीं हो पाई। किच्छा क्षेत्र में हत्या कर शवों को फेंके जाने का सिलसिला पूर्व में होता रहा है । किंतु पुलिस द्वारा अज्ञात शवों के विषय में एक आध घटनाओं को छोड़कर कोई भी खुलासा अभी तक नहीं किया है जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं । जनपद भर में कहीं ना कहीं हत्या करके शवों को या तो जमीन में गाड़े जाने या फिर बोरों में, बैग में पैक करके हत्यारे ठिकाने पर लगा रहे है। हत्यारों का हौसला किस कदर हावी है कि कोतवाली क्षेत्र से थोड़ी दूर अति व्यवस्त इलाके के नजदीक जिस प्रकार से गत दिवस महिला का बैग में पैक शव बरामद किया गया उसे देखकर प्रतीत होता है कि हत्यारे या हत्या करने वाले किस कदर घटनाओं का अंजाम दे रहे हैं वह दिल दहला देने वाला है। 31 जुलाई को बरामद अज्ञात महिला के शव की स्थिति को देखकर प्रतीत हो रहा था कि अत्यधिक निर्दयतापूर्ण तरीके से पहले महिला की हत्या की गई होगी उसके उपरांत उक्त महिला के शव को बैग में भरकर कर बेनी नदी की में फेंक दिया गया । अपराधियों द्वारा क्या कोतवाली क्षेत्र को अपराध करके छुपाने के लिए एक सम स्थान बना लिया है। किच्छा क्षेत्र की जनता अब तेज तर्रार कोतवाल सुंदरम शर्मा की ओर उम्मीद लग रही है कि शायद सुंदरम शर्मा द्वारा की गई कार्यवाही से कुछ ब्लाइंड मर्डर के खुलासे हो सकते हैं। हालांकि 31जुलाई को मिली अज्ञात महिला की शिनाख्त हेतु कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा ने क्षेत्र की कई दुकानों पर बरामद सामान की तसदीक करने का प्रयास शुरू किया हुआ है। हत्यारों द्वारा जिस प्रकार से शव को ठिकाने लगाने के लिए बैग रस्सी आदि का उपयोग किया है वह सामान बाजार में आसानी से उपलब्ध हो जाता है। अब यह देखना है कि किच्छा के कोतवाल सुंदरम शर्मा द्वारा अज्ञात शवों के शिनाख्त हेतु क्या कार्रवाई की जाती है और कितने खुलासे कोतवाली प्रभारी सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में संभव हो पाते हैं। या अज्ञात मिले शव आज भी अपनी शिनाख्त के लिए बाट देखते रहेंगे।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# कालाढूंगी हल्द्वानी मार्ग जल्द खोलने के प्रयास तेज

## अधिकारियों ने किया संयुक्त निरीक्षण, वैकल्पिक मार्ग बनाया



कालाढूंगी(उद संवाददाता)। भारी वर्षा में उफान पर आए निहाल नाले ने कालाढूंगी-हल्द्वानी मार्ग में चकलुवा के पास पहले आधे मार्ग को बहा दिया था, अब पूरी पुलिया के बह जाने से हाइवे से यातायात पूरी तरह से बंद हो गया है। जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर गुरुवार को उप जिलाधिकारी रेखा कोहली सहित सिंचाई, वन विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए जल्द ही यातायात को शुरू कैसे किया जाए, इसकी संभावनाएं तलाशी। इसी के साथ कालाढूंगी तहसील क्षेत्र में बड़ी नदियों से जो छोटे नाले कटकर आबादी में तबाही मचा रहे हैं, उनका रुख नदी की तरफ को कैसे मोड़ा जाए इसके लिए भी अधिकारियों ने चर्चा की। एसडीएम कोहली ने बताया कि मार्ग के पूरी तरह से बह जाने के बाद फिलहाल बड़े और लोडेड वाहनों का आवागमन बंद किया गया है। जबकि छोटे वाहनों के लिए नाले में पानी न होने की स्थिति में नाले से वैकल्पिक मार्ग बना दिया गया है। पूर्व के ग्रामीण मार्ग से भी छोटे वाहनों का आवागमन हो रहा है। वहीं सवारी बसें नाले के दोनों तरफ तक जा रही हैं और सवारी पैदल चलकर बसों में बैठ रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा होने और नाले में पानी आने के समय पुलिस और बस संचालक किसी को भी नाला पार न करने दें। इस दौरान तहसीलदार युगल किशोर पांडे, लोक निर्माण विभाग से ललित तिवारी, सिंचाई विभाग से हरीश चंद्र भट्ट, वन विभाग से पूरन चंद्र जोशी, ईश्वरी दत्त पांडे आदि उपस्थित थे।



# ग्रामीणों ने की निहाल नाले को डायवर्ड करने की मांग

कालाढूंगी। विदरामपुर, रामपुर आदि गावों के ग्रामीणों ने एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन देकर कहा कि निहाल नाला हर वर्ष बरसात के समय ग्रामीण क्षेत्रों में तबाही मचाता है, इस बार इसने हाइवे को भी तोड़ डाला है। इस लिए इस नाले को निहाल नदी में ही डायवर्ड किया जाना जरूरी है। इसी के साथ कालीगाढ़ नाला, गुलजारपुर नाले से भी गावों में भयंकर नुकसान हो रहा है। यह सभी नाले निहाल नदी से ही कटकर आ रहे हैं, इसलिए इन्हें निहाल नदी में ही डायवर्ड किया जाए तो तबाही बच सकती है। एसडीएम रेखा कोहली ने कहा कि इस बात को लेकर डीएम खुद चिंतित हैं, उन्होंने ड्रोन के माध्यम से इस क्षेत्र के सभी नदी नालों का सर्वे कराया है। उक्त संबंध में विभागीय अधिकारियों से साथ विचार विमर्श चल रहा है। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य वीरेंद्र कुमार, प्रधान पूजा, गोविंद सिंह, भुवन मिश्रा, अनिल आदि उपस्थित थे।

# रूद्रपुर में कोचिंग सेंटरों का औचक निरीक्षण



रूद्रपुर। दिल्ली में वर्षा के कारण हुए एक कोचिंग सेंटर के भूतल में हुए जलभराव के कारण कुछ छात्रों की हुई मौत से सबक लेकर प्रदेश में भी सभी कोचिंग व स्टडी सेंटरों का प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देश पर गहन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। आज विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक रूहेला, एसडीएम मनीष बिष्ट, सीएफओ विशाल कटारिया, सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, सीओ निहारिका तोमर, कोतवाल मनोहर दसोनी सहित अन्य कई अधिकारियों ने नगर के विभिन्न इलाकों में स्थित कोचिंग व स्टडी सेंटरों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम ने कोचिंग व स्टडी सेंटरों में अग्नि शमन यंत्र, निकासी द्वार, संस्थान का लाईसेंस, किसी भी आपात स्थिति में बच्चों की सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण की जानकारी मिलने पर नगर के कोचिंग व स्टडी सेंटरों के संचालकों में हड़कम्प मचा रहा। इस दौरान कई कोचिंग व स्टडी सेंटर संचालक संस्थान बंद कर चले गये। अभिषेक रूहेला ने बताया कि नगर के सभी कोचिंग व स्टडी सेंटरों का निरीक्षण किया जायेगा। जो कोचिंग व स्टडी सेंटर बंद पाये जायेंगे उनके संचालकों से जवाब तलबी की जायेगी। कोचिंग व स्टडी सेंटरों में सुरक्षा मानकों की कमी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# मगरमच्छ के हमले में लापता किशोर का नहीं मिला सुराग

## पुलिस व एसडीआरएफ की टीम ने स्टीमर से चलाया रेस्क्यू अभियान



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पिता व भाई के साथ चारा काटने गये युवक पर मगरमच्छ के हमले के 24 घंटे बाद



भी किशोर का कोई सुराग नहीं लगा है। स्थानीय पुलिस व रेस्क्यू टीम ने स्टीमर से युवक की तलाश तेज कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बरकी डांडी निवासी दलजीत सिंह पुत्र बलकार सिंह अपने पिता का भाई के साथ कल सुबह चारा काटने के लिए देवहा नदी के किनारे गया था। इसी दौरान घात लगाए मगरमच्छ ने दलजीत सिंह पर हमला कर उसे देवहा नदी के अंदर ले गया। दलजीत सिंह पर मगरमच्छ का हमला होते देख उसके पिता बलकार सिंह व भाई ने भी उसको बचाने का प्रयास किया। लेकिन उससे पहले ही 16 वर्षीय दलजीत सिंह को मगरमच्छ नदी में लेकर चला गया, इसके बाद रेस्क्यू टीम ने युवक को तलाश करने का प्रयास किया लेकिन देर रात तक नदी का बहाव तेज होने के चलते बचाव रेस्क्यू अभियान शुक्रवार प्रातः शुरू किया गया। पुलिस और रेस्क्यू टीम स्टीमर के माध्यम से किशोर को ढूंढने का प्रयास कर रही है। टीम में दरोगा हरीश् चंद, दरोगा कृपाल सिंह के साथ ही वन विभाग और एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर है। समाचार लिखे जाने तक युवक का कहीं पता नहीं चला था।

# नेपाल से आए महिला प्रतिनिधि मंडल ने ली कृषि संबंधी जानकारियां



गदरपुर(उद संवाददाता)। समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड गदरपुर में नेपाल की टीम ने विजिट किया। यू एन विमेन प्रोग्राम ऑफिसर डा.बिविसिका भंडारी एवं मील ऑफिसर इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन रिस्क रीडक्शन डा.गौरी जायसवाल ने एफपीओ सदस्यों द्वारा नई तकनीक से की जाने वाली कृषि की जानकारी प्राप्त की तथा प्रोग्राम कॉर्डिनेटर इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन रिस्क रीडक्शन ऑफ नेपाल से आई डा. शिखा थापा द्वारा एफ पी ओ निर्मित विभिन्न उत्पादों एवं इनकी मार्केटिंग की जानकारी प्राप्त की। इन विदेशी मेहमानों द्वारा एफपीओ द्वारा निर्मित शुद्ध उत्पादों की भरपूर सराहना करते हुए साथ ही इन उत्पादों की खरीदारी भी की गई।कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर से पहुंची डा. प्रतिभा सिंह ने एफपीओ द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी सांझा की।इस मौके पर समिति अध्यक्ष त्रिलोक चंद एवं सीईओ सीमा रानी ने बताया कि किस तरह एफपीओ लगातार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अग्रसर हो रहा है। बहुत ही जल्द एफपीओ मौन पालन पर भी कार्य करने जा रहा है। एक पेड़ मां के नाम की अवधारणा मन में लिए दो देशों द्वारा मिलकर पेड़ भी लगाया गया। आज के इस कार्यक्रम में एफपीओ सचिव रश्मि रावत, उपाध्यक्ष कुसुम रानी,बोर्ड ऑफ डायरेक्टर विनोद कुमार गुंबर, वीरेन्द्र सिंह,फूल सिंह,हरनाम चंद,ललिता,सदस्य सुमन, दिव्या,तारावती,अनीता रानी, किशनो देवी,गुरमीत कौर,महेश कुमार,रजत कुमार,मंगल सिंह ने इस क्षेत्र में उगाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की फसलों और उसमें प्रयोग की जाने वाली प्रणाली की जानकारी सांझा की गई । इस अवसर पर अकाउंटेंट रितिक कश्यप भी उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक क्लीनिक संचालक पर 25 हजार का जुर्माना लगाया

काशीपुर। एक आयुर्वेदिक क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन की टीम ने कार्रवाई की। जांच के दौरान जिसके नाम क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन था, वह मौके पर नहीं मिला। अन्य व्यक्ति क्लीनिक पर इलाज करता मिला। टीम ने क्लीनिक संचालक पर 25 हजार जुर्माना की कार्रवाई की। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी आलोक शुक्ला, तहसीलदार पंकज चंदौला, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अमरजीत सिंह साहनी ने पुलिस टीम के साथ मुरादाबाद रोड स्थित धनुष आयुर्वेदिक यूनानी हैल्थ केयर सेंटर पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने जांच के दौरान पाया कि जिस व्यक्ति के नाम पर क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन था, वह मौके पर नहीं था। अन्य व्यक्ति क्लीनिक पर इलाज करते पाया गया। जानकारी लेने पर पता चला कि वह ही इस क्लीनिक पर इलाज करता है। टीम ने क्लीनिक से शुगर की दवा के सैंपल लिए, साथ ही क्लीनिक पर मिली दवा अपने कब्जे में ले ली। बताया यह क्लीनिक शुगर की दवा देने को लेकर लोगों में खासी पहचान बनाए हुए था। टीम ने क्लीनिक संचालक पर 25 हजार का जुर्माना किया। साथ ही शीघ्र क्लीनिक संबंधी सभी दस्तावेजों को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

# पेज एक का शेष...

**आपदा में फंसे लोगों...** सोनप्रयाग के बीच लगभग 700 यात्रियों को सफल रेस्क्यू किया जा चुका है। इसके साथ ही एनडीआरएफ एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा घायल तीर्थ यात्रियों का उपचार किया जा रहा है। अपर मुख्य अधिकारी केदारनाथ विकास प्राधिकरण योगेंद्र सिंह ने अवगत कराया कि केदारनाथ धाम में मौजूद तीर्थ यात्रियों को सुबह मुख्य हेलीपैड पर पहुंचा दिया गया है। यहीं से एमआई 17 से 15 तीर्थ यात्रियों को गौचर हैलीपैड रेस्क्यू किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने के कारण एमआई एवं चिनूक विमान अभी उड़ान नहीं भर पा रहे हैं। केदारनाथ में मौजूद करीब 450 तीर्थ यात्रियों को जिला प्रशासन की ओर से लगातार राहत सामाग्री, फूड पैकेट्स एवं भोजन उपलब्ध करवाया गया। वहीं बीकेटीसी द्वारा तीर्थ यात्रियों को फल वितरित किए गए। बताया कि मौसम ठीक होते ही केदारनाथ में मौजूद यात्रियों को रेस्क्यू किया जाएगा। उधर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती सहित अन्य संबंधित अधिकारी सोनप्रयाग- गौरीकुंड मार्ग सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं। उधर मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एक बार फिर राहत कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने वायुसेना की मदद मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया। सीएम ने बताया कि भारतीय वायु सेना द्वारा चिनूक और एमआई-17 को गौचर में तैनात किया गया है। इससे आपदाग्रस्त क्षेत्रों में रेस्क्यू ऑपरेशन में तेजी आई है। वीर जवानों द्वारा युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अभी तक 5000 से अधिक लोगों को सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है।

**उत्तराखंड के ग्यारह...**ऐसे हैं, जिनका अता-पता नहीं है। आयोग बार-बार इन्हें नोटिस भेज रहा है, लेकिन ये कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करा रहे हैं । अब आयोग समाचार पत्रों में प्रशासन के माध्यम से इन्हें अंतिम नोटिस जारी करने जा रहा है।इसके बाद भी तय तिथि तक दलों के प्रतिनिधि न आए ,तो इनकी मान्यता खत्म कर दी जाएगी और इनके प्रत्याशी आगामी नगर निकाय चुनाव में शामिल नहीं हो सकेंगे।

**पहले मोबाईल..** किया। साथ हीं वहां मौजूद अन्य लोग भी युवकों की पीछा करने लगे। कुछ दूरी पर आगे रास्ता बंद होने पर जब बाईक सवार युवक वापस लौटने लगे तो ट्रक चालक अजय उनके सामने खड़ा हो गया और उन्हें रोकने लगा जिस पर युवकों ने उसे बाईक से टक्कर मारकर सड़क पर गिरा दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आ गई। अन्य लोगों ने घेराबंदी कर तीनों को दबोच लिया और मामले की जानकारी सिडकुल चौकी पुलिस को देकर पकड़े गये युवकों और उनकी मोटरसाईकिल को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल ट्रक चालक अजय को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस पकड़े गये तीनों झपट्टामारों से पूछताछ कर रही थी।

**सोए मजदूरों के...**करने वाले मजदूर सो रहे थे। आरोप है कि दीपक ने 5 मोबाईल व दो भरे हुआ गैस सिलेन्डर, चोरी करके ले है। जब चोरी हुऐ फोन पर फोन किया तो दीपक की आवाज की पहचान से पूरा शक यकीन में बदल गया की दीपक ने चोरी को अंजाम दिया है। उसके बाद दीपक के घर पर गयें जहाँ दीपक के पिता मिले। आरोप है दीपक कई बार चोरी के केस में जेल जा चुका है। जिसके उपर चोरी के कई मुकदमे दर्ज है।

**ज्वैलर्स का लाखों..**रुपए उधार लेकर गया था और कहा था कि महीने में रूपये वापस कर दूंगा। लेकिन नहीं किए। सुशांत ने बताया कि प्रेमशंकर उसका सोना व रूपये लेकर फरार हो गया है। इधर बताया जा रहा हे कि आरोपी सुनार क्षेत्र के अन्य कई लोगों का भी लाखों रुपए ले गया है।

**गृहमंत्री शाह ने ..**हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपदा के मुश्किल समय में शीर्ष नेतृत्व का इस प्रकार मजबूती से खड़े होना हम सभी को संबल प्रदान करता है।

# इस बार हरिद्वार पहुंचे 4.4 करोड़ कांवड़िए,जलाभिषेक आज

हरिद्वार। बृहस्पतिवार को कांवड़ मेले का आखिरी दिन था और आज शुक्रवार को शिवालयों में जलाभिषेक किया जाएगा। आखिरी दिन पूरी रात डाक कांवड़ यात्री हरिद्वार से जलभर बाइकों और बड़े वाहनों से दौड़ते रहे। इस बार मेले में चार करोड़ चार लाख 40 हजार कांवड़ यात्री पहुंचे हैं। प्रशासन ने बृहस्पतिवार की शाम छह बजे तक का ये आंकड़ा जारी किया है। पिछले साल चार करोड़ सात लाख कांवड़ यात्री हरिद्वार पहुंचे थे। 22 जुलाई से कांवड़ मेले का आगाज हुआ था। आज शुक्रवार को जलाभिषेक होगा। बृहस्पतिवार की शाम तक छह बजे धर्मनगरी में 77 लाख कांवड़ यात्रियों ने गंगाजल भरा और अपने गंतव्य की तरफ रवाना हो गए। इस बार डाक कांवड़ यात्रियों का हुजूम अंतिम दिन ही उमड़ा। इससे पहले पैदल कांवड़ यात्री रवाना होते रहे। बृहस्पतिवार की रात से आसपास के जनपदों के यात्री गंगाजल भरकर रवाना होते रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कांवड़ मेले में अब तक 4 करोड़ 4 लाख, 40 हजार कांवड़ी यात्री पहुंचे हैं। कांवड़ियों के तीन लाख 38 हजार 277 छोटे-बड़े वाहन गुरुवार को पहुंचे हैं। छह कांवड़ियों को डूबने से बचाया गया है जबकि तीन की मौत हुई है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# जो जनप्रतिनिधि नहीं कर सके वह डीएम और एमएनए ने कर दिखाया

## वर्षों पुरानी समस्याओं से निजात दिलाने में डीएम और एमएनए के प्रयासों की हो रही जमकर सराहना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किसी भी सरकार की सफलता के पीछे राज्य की ब्यूरोक्रेटस की महत्वपूर्ण भूमिका होती है यदि ब्यूरोक्रेटस सरकार की मंशा और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य करता है तो सरकार की खूब वाहवाही होती है और इसके उलट जब ब्यूरोक्रेटस जनभावनाओ और उनकी समस्याओं की अनदेखी करता है तो इसका खमियाजा भी सरकार को भुगतना पड़ता है। ऊधमसिंहनगर के मुखिया के रूप में कार्य कर रहे जिलाधिकारी उदय राज सिंह और नगर निगम के आयुक्त नरेश दुर्गापाल की इन दिनों जनता के बीच खूब चर्चायें है और दोनों ही अधिकारियों की इच्छाशक्ति और कार्यप्रणाली की जनता जमकर तारीफ कर रही है। जिलाधिकारी और मुख्य नगर अधिकारी ने नगर की दशकों पुरानी समस्याओं को खत्म कर उनका दिल जीत लिया है। दोनों अधिकारियों की दृढ इच्छाशक्ति के चलते शहरवासियों के लिये नासूर बना दशकों पुराने कचरे के पहाड़ का आखिरकार सफाया हो गया है। कचरे के इस पहाड़ को हटाने के लिये निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने काफी दिलचस्पी दिखाई थी जिसके बाद उन्होंने एक निजी कंपनी को कचरे के निस्तारण का काम सौंपा, लेकिन पिछले करीब दो साल से यह काम बहुत धीमी गति से चल रहा था। अगर कचरे को हटाने का कार्य ऐसे ही चलता रहता तो कई वर्ष और लग जाते मगर कूड़े का यह पहाड़ साफ नही हो पाता। कुछ माह पूर्व नगर निगम बोर्ड का कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नगर निगम की कमान प्रशासक के रूप में डीएम उदय राज सिंह के हाथ में आई तो उन्होंने कचरे की समस्या को गंभीरता से लिया और इसमे व्यक्तिगत रूप से रूचि लेते हुये आये दिन वहां का निरीक्षण कर इसके निस्तारण के लिये लगातार दिशा निर्देश देने लगे। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने भी कचरा निस्तारण का कार्य



युद्ध स्तर पर शुरू करवा दिया। फिर क्या था दोनों अधिकारियों के प्रयास रंग लाने लगे। ट्रचिंग ग्राउण्ड से करीब एक लाख टन कचरे को हटा दिया गया है। कचरे से खाली हुई 2.5 एकड़ भूमि पर हरा भरा पार्क बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वही नगर की एक अन्य गंभीर समस्या से भी शहरवासियों को शीघ्र निजात मिलने की उम्मीद है। पिछले 25 वर्षो से जलभराव की समस्या से जूझ रहे आम जनता को शीघ्र ही इस समस्या से छुटकारा मिलने वाला है। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने इस समस्या के निस्तारण के लिये अपने प्रयास तेज कर दिये है और पिछले 25 वर्षो से बंद पड़े नाले और पुलिया को जेसीबी से खुदवा कर वहां निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी उदय राज सिंह और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के कार्यकाल में ही नजूल भूमि पर मालिकाना हक जैसी जटिल और पुरानी समस्या से आम जनता को राहत मिल सकी। रूद्रपुर नगर की बसावट के साथ ही नजूल भूमि पर मालिकाना हक के लिये संघर्ष कर रहे मलिन बस्ती के लोगों की इस समस्या के निस्तारण के लिये उक्त दोनों अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप गरीब लोगों को नजूल भूमि पर मालिकाना हक देने के लिये जिलाधिकारी उदय राज सिंह के निर्देश पर नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल द्वारा मलिन बस्तियों में कैम्प लगवाकर लोगों को पट्टा दिये जाने की कवायद की गई जिसके तहत मुख्यमंत्री द्वारा सैकड़ों लोगों को पट्टे दिये गये और हजारों लोगों को इसका लाभ मिलने की उम्मीद जगी हुई है। बहरहाल जिलाधिकारी उदय राज सिंह और नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के अथक प्रयासों के चलते आज नगर वासियों को दशकों पुराने कूढ़े के ढेर से निजात मिल चुकी है और नजूल भूमि पर मालिकाना हक मिल रहा है। शीघ्र ही जलभराव से भी छुटकारा मिलता नजर आयेगा। दोनों अधिकारियों द्वारा किये जा रहे कार्यो से आम जनता काफी खुश है और उनकी कार्यप्रणाली की जमकर सराहना कर रही हैं।

# दशकों पुराने कचरे के पहाड़ का सफाया कर हरा भरा पार्क बनाने की तैयारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के किच्छा रोड में दशकों पुराने कचरे के पहाड़ का आखिरकार सफाया हो गया है। ढाई एकड़ भूमि में बना यह ट्रंचिंग ग्राउण्ड आस पास की हजारों की आबादी के साथ ही इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ था। इसे हटाने के लिए कई बार आंदोलन हुए, जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते यह समस्या जस की तस बनी हुई थी। नगर निगम के प्रशासक का कार्यभार संभालने के बाद डीएम उदय राज सिंह ने इस पर गंभीरता दिखाई जिसके बाद कचरे के पहाड़ को हटाने के काम में तेजी आई और अब इस भूमि से कचरे का सफाया कर लिया गया है। किच्छा रोड बीते करीब चार दशकों से ट्रंचिंग ग्राउण्ड में पूरे शहर का कूड़ा एकत्र होता था, जिसके चलते यहां कचरे का पहाड़ बन गया था। इस कचरे के कारण मार्ग से गुजरने वाले लोगों को भीषण दुर्गंध के बीच से गुजरने को मजबूर होना पड़ता था वहीं इसके आस पास रहने वाली हजारों की आबादी भीषण दुर्गंध में जीवन यापन करने को मजबूर थी। कचरे के चलते आस पास की आबादी तमाम बिमारियों की चपेट में आ रही थी। कचरे को हटाने के लिए कई बार आंदोलन भी हुए। बुद्धिजीवियों ने भी इसके लिए कई बार आवाज उठाई लेकिन जनप्रतिनिधि इसे लेकर खासे उदासीन रहे। निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने इसे लेकर दिलचस्पी दिखाई थी जिसके बाद उन्होंने एक निजी कंपनी को कचरे के निस्तारण का काम सौंपा लेकिन यह पिछले करीब दो साल से यह काम बहुत धीमी गति से चल रहा था, जिस सुस्ती से कचरा हटाने का काम चल रहा था उस हिसाब से कचरे को हटने में कई वर्ष लग जाते। कुछ माह पूर्व नगर निगम बोर्ड का कार्यकाल खत्म होने के बाद जब नगर निगम की कमान प्रशासक के रूप में डीएम उदय राज सिंह के हाथ में आई तो उन्होंने कचरे की समस्या को गंभीरता से लिया। डीएम उदयराज सिंह ने प्रशासक बनने के बाद कई बार इस ट्रचिंग ग्राउण्ड का स्थलीय निरीक्षण किया और कचरे के निस्तारण के काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। डीएम ने इस पर व्यक्तिगत रूप से रूचि दिखाई, जिसके चलते कचरा निस्तारण का काम युद्ध स्तर पर शुरू हो गया और अब आखिरकार डीएम उदय राज सिंह और मुख्य नगर आयुक्त



नरेश दुर्गापाल के प्रयास रंग लाये हैं। ट्रचिंग ग्राउण्ड से करीब एक लाख टन कचरे का हटा दिया गया है। जिस पर अब हरा भरा पार्क बनाने की तैयारी शुरू हो गयी है। गुरूवार शाम को नगर निगम के प्रशासक एवं डीएम उदय राज सिंह ने पुन: ट्रंचिंग ग्राउण्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ट्रंचिगं ग्राउंड का लग भग ढाई एकड़ का क्षेत्र खाली हो गया है। अब इस क्षेत्र को ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होने कहा कि इस स्थान पर मिट्टी का भरान कर पौधारोपण व सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों से कहा कि ट्रंचिगं ग्राउंड के कारण सड़क के किनारे गड्ढो से दुर्घटना की संभावना है इसलिए क्रैश बैरियर लगायें ताकि कोई दुर्घटना न घटे इसके साथ ही एनएचएआई को जल निकासी हेतु पक्की ड्रेनेज बनाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एनएचएआई से सोनू गुप्ता आदि मौजूद थे।





# उपचार के बाद चार्ज सम्भालते ही नगर आयुक्त एक्शन में

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार की वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल के नेतृत्व में निगम की टीम ने कार्य प्रारम्भ कर दिया है। अपनी लम्बी बीमारी के उपचार के बाद चार्ज सम्भालते ही नगर आयुक्त जनहित के कार्यों में जुट गये। अग्रसेन चौक व मुख्य बाजार में थोड़ी सी वर्षा से ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे व्यापारियों को हमेशा भारी नुकसान उठाना पड़ता है। इस समस्या के स्थाई समाधान के लिए व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के आग्रह पर नगर निगम के एमएनए नरेश दुर्गापाल के साथ ही नेशनल हाईवे के पीडी तथा लोक निर्माण के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से काशीपुर बाईपास मार्ग का निरीक्षण किया। अग्रसेन चौक से डीडी चौक तक बनी नाली को फिर से खुलवाने व नाली का पानी कल्याणी नदी की तरफ करने के लिए कार्य प्रारम्भ कर दिया। इस दौरान जुनेजा ने अधिकारियों को बताया कि डीडी चौक को बने हुए लगभग 25 साल से अधिक का समय हो गया है। इस दौरान डीडी चौक के नालों की कभी भी सफाई नहीं की गई और न ही किसी अधिकारी ने इस ओर देखने का कोई प्रयास किया। उन्होंने बताया कि नाले की सफाई न होने से ओमेक्स, मेट्रोपोलिस, पीएसी, सिविल लाईन व आदर्श कालोनी सहित अन्य कई क्षेत्रों का बरसात का पानी अग्रसेन चौक से गांधी पार्क होते हुए मुख्य बाजार पहुंच जाता है। जिस कारण मुख्य बाजार में थोड़ी सी बरसात में ही भारी जलभराव हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि अग्रसेन चौक से नाले की सफाई होकर इसे गहरा करते हुए डीडी चौक से सड़क पार स्थित नाले से मिला दिया जाये तो बरसात का पानी कल्याणी नदी में गिर जायेगा और मुख्य बाजार को जलभराव की समस्या से कुछ छुटकारा मिल जायेगा। जलभराव से निजात के लिये एमएनए तुरन्त एक्शन में आ गये और उन्होंने नगर निगम की टीमें को उक्त नाले की खुदाई के कार्य में लगा दिया। ताकि अग्रसेन चौक से बरसात का पानी मुख्य बाजार की ओर न जा सके। इसके लिए मुख्य बाजार में बनाये गये फुटपाथ पर पांच-पांच मीटर की दूरी पर सफाई के लिए चैम्बर बनाये जायेंगे। साथ ही फुटपाथ की दीवार में छेद करे जायेंगे ताकि वर्षा का पानी सीधे नाली में चला जाये। नगर आयुक्त का कहना है कि अग्रसेन चौक से नाले का पानी डीडी चौक पर बनी पुलिय के नीचे से होकर दूसरी ओर कल्याणी नदी में गिरता था लेकिन एनएच बनने के बाद पुलिया सड़क के नीचे दब गई। जिससे नाला भी बंद हो गया। उन्होंने बताया कि अब नाले की मरम्मत कर उसकी ऊंचाई बढ़ाई जायेगी ताकि नाले से वर्षा का पानी सीधे कल्याणी नदी में गिरे। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण होने से अग्रसेन चौक पर होने वाले जल भराव से भी मुक्ति मिल जायेगी।



